राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना

आवश्यक सूचना

"संविदा के आधार पर आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं ए0एन0एम0 के लिए पूर्व विज्ञापित चयन सूचना पी0आर0संख्या–878 (नि.नि.) 14–15 दिनांक 17.5.14 एवं शुद्धि पत्र पी0आर0संख्या–7607 (नि.नि.)–2013–14 तथा आवश्यक सूचना पी0आर0संख्या– 1502 (नि0नि0) 14.15 के आवेदक कृपया ध्यान दें।

राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा उपरोक्त विज्ञापन के अनुरूप **आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं ए0एन0एम0** के तीनों पदों के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। वर्तमान में इसमें व्याप्त अशुद्धियों के समाधान हेतु विज्ञापन सं0 878 (नि.नि.) 14–15 दिनांक 17.5.14 एवं षुद्धि पत्र पी0आर0संख्या–7607(नि.नि.)–2013–14 तथा पी0आर0संख्या– 1502 (नि0नि0) 14–15 के माध्यम से Website- www.statehealthsocietybihar.org एवं www.shsbihar.in पर वाँछित सभी सूचनाएँ दिनांक 06.06.2014 तक माँगी गयी है। इन विज्ञापनों के माध्यम से वैसे सभी अभ्यर्थियों जिन्होने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित किया है तथा जिन्हें Online Reg.No. आवंटित है उन सभी अभ्यर्थियों से सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ समेकित रूप से Online समर्पित करने को कहा गया है। आवेदन की इस प्रक्रिया को पूर्णतः निजी बनाने/सुरक्षित रखने हेतु सभी अभ्यर्थियों को पूर्व में आवंटित Online Reg.No.तथा Password को अभ्यर्थी के मोबाईल तथा ईमेल ID पर SMS एवं Mail द्वारा सूचना भेजी जा रही है। ताकि जिन अभ्यार्थियों ने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया है एवं जिन्हें पूर्व से Registration Id प्राप्त है, उनसभी अभ्यार्थयों से पुनः सभी प्रकार की वाँछित सूचनाएँ समेकित रूप से ऑनलाईन समर्पित करायी जा रही है। Online Reg.No.तथा Password के माध्यम से यदि Data समर्पित/अद्यतन करने अथवा पासवर्ड प्राप्त नहीं होने की स्थिति में ईमेल ID:- support@shsbihar.in पर ईमेल भेजने का भी आपसभी से अनुरोध किया गया था।

दिनांक 31.05.2014 तक Re-registration की स्थिति निम्नवत् है :–

(i) मूल विज्ञापन के अनुसार प्राप्त आवेदनों की संख्या :–
आयुष चिकित्सक –7460, ए0एन0एम – 13839 एवं फार्मासिस्ट – 4358

(ii) सेवा प्रदाता एजेन्सी डाटाटेक के द्वारा Duplicate आदि के स्क्रुटनी के बाद वैध आवेदन पत्रों की संख्या :
आयुष चिकित्सक – 5476, ए0एन0एम – 4705 एवं फार्मासिस्ट – 2047

(iii) स्क्रुटनी के बाद वैध आवेदकों जिन्हें मोबाईल तथा ईमेल से Password उपलब्ध कराया गया है, से Re-registration कराने वाले आवेदको की संख्या:–
आयुष चिकित्सक – 4043, ए0एन0एम – 2297 एवं फार्मासिस्ट – 1351

उपरोक्त आँकड़ों से प्रतीत होता है कि कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा अभी तक ऑनलाईन Re-registration नहीं किया जा सका है। वैसे अभ्यर्थियों समस्याओं का समाधान दिनांक 3, 4 एवं 5 जून 2014 को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के स्वागत कक्ष में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा किया जायेगा।

<u>नोट</u> :– सभी अभ्यर्थी इसे अंतिम अवसर मानें। इसके उपरांत उन्हें किसी भी प्रकार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार का आवेदन व्यर्थ होगा।

(ह0) 31/05/2014

कार्यपालक निदेशक
–सह– सचिव, स्वास्थ्य
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार